कार्यशाला
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

सूचना/आमंत्रण

कृपया सूचित करना है कि दिनाँक 17 सितम्बर 2024 दिन मंगलवार को **"श्री श्री विश्वकर्मा पूजन"** महोत्सव के अवसर पर कार्यशाला में निम्नानुसार विविध कार्यक्रमों का आयोजन होना है –

1. **विश्वकर्मा कौशल विकास जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ।**
   (कारपेन्ट्री में अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण, दिनांक 17.09.2024 से 23.09.2024 तक)

2. **स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ**
   (दिनांक 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024, विश्वकर्मा पूजा से गांधी जयंती तक)।

3. **श्री श्री विश्वकर्मा पूजनोत्सव**
   (दिनांक 17 सितम्बर 2024 प्रातः 09:30 बजे)।

अतः उक्त पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्र–छात्राएं अधिकारी एवं कर्मचारी सपरिवार आमंत्रित हैं।

(प्रो0 जीऊत सिंह)
विभागाध्यक्ष, यांत्रिक अभि0 विभाग

(अंजनी कुमार सिंह)
कार्यशाला अधीक्षक

Letter No./MMMUT/WS/INC_129/ 1303 /2024 **Date 05 September, 2024**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं सादर आमंत्रण हेतु।

1. वै0 सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. वित्त नियंत्रक।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभागीय अधिकारी को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया इस सूचना को अपने अधीनस्थों में परिचालित कराने का कष्ट करें।
5. चेयरमैन, आई0 टी0 आर0 सी0 को इस अनुरोध के साथ कि इस आयोजन की सूचना को विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. समस्त छात्रावास अधीक्षकों को इस अनुरोध के साथ कि इस आयोजन की सूचना छात्र–छात्राओं में प्रसारित करने हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने का कष्ट करें।
7. चेयरमैन, सी0एस0ए0 को इस अनुरोध के साथ कि इस आयोजन के फोटो छायांकन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
8. विभागाध्यक्ष, विद्युतकण एवं संचार अभियन्त्रण विभाग को इस अनुरोध के साथ कि पूजनोत्सव के सफल आयोजन हेतु पी0 ए0 सिस्टम (कम्प्लीट सेट) उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
9. सदस्य–सचिव, परिसर विकास प्रकोष्ठ को इस अनुरोध के साथ कि कार्यशाला परिसर की साफ–सफाई एवं अन्य यथावश्यक व्यवस्थाओं हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
10. प्रभारी, सुरक्षा को इस अनुरोध के साथ कि पूजन के दौरान दो सुरक्षा गार्ड कार्यशाला में तैनात करने का कष्ट करें।
11. विश्वविद्यालय सम्पर्क अधिकारी को इस अनुरोध के साथ कि पूजनोत्सव की कवरेज मीडिया में प्रकाशित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
12. प्रभारी बेबमास्टर

Anjani 05/09/2024

(अंजनी कुमार सिंह)
कार्यशाला अधीक्षक